प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग की प्रगति का लिया जायज़ा : राज्य में बिजली आपूर्ति दुरूस्त रखने और उपभोक्ताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश।
2. सरकारी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए देशभर में लोक परीक्षा अधिनियम लागू : राज्य सरकार ने भी प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं के लिये जारी की नई नीति।
3. राज्य सरकार ने देर रात 16 आईपीएस अधिकारियों के किये तबादले : अमरेन्द्र कुमार सेंगर बनाये गये लखनऊ के नये पुलिस आयुक्त।

और

4. राज्य के कई जिलों में बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत : मौसम विभाग ने मैनपुरी सहित कई निकटवर्ती जनपदों में हीटवेव के लिये यलो अलर्ट किया जारी।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी बिजली उपभोक्ताओं को समय पर त्रुटिहीन बिजली बिल पहुंचाने का निर्देश दिया है। श्री योगी ने आज लखनऊ में ऊर्जा विभाग की बैठक में अधिकारियों से कहा कि बिजली बिल जमा कराने के लिये उपभोक्ताओं को जागरूक करने के साथ–साथ वन टाइम सेटलमेंट–ओटीएस के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बिल की वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं से किसी भी तरह परेशान न किया जाये। उन्होंने बिजली की आपूर्ति में गुणवत्ता पर बल देते हुए कहा कि पिछले पांच सालों के दौरान इंफ्रास्टक्चर विकसित करने में लगाया है, लेकिन अब क्वालिटी मेनटेन करने पर बल देना चाहिये। उन्होंने कहा कि मेनटेनेस की वजह से अगर बिजली कटौती की जाती है, तो उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति कब तक बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना सोशल मीडिया के जरिये

जरूर दी जाये। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर की लगाने के काम में तेजी लाने का निर्देश भी दिया।

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि नोएडा, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर और लखनऊ में बिजली की कई बड़ी परियोजनाएं शुरू होने जा रही है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर परियोजना के पहले चरण में राज्य में 25 लाख सोलर रूफटॉफ लगाये जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोत्तरी की गई है। भीषण गर्मी के बावजूद स्थानीय फाल्ट को छोड़ दिया जाये, तो बीते 15 मार्च से सरकार 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने में सफल रही है और कहीं भी बिजली की कोई कमी नहीं हुई है।

———————

केंद्र सरकार ने लोक परीक्षा—अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम दो हजार चौबीस को लागू कर दिया है। इस संबंध में जारी की गई अधिसूचना के अनुसार सरकारी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए बने इस क़ानून में दस साल की कैद से लेकर एक करोड़ रुपये जुर्माने तक का प्रावधान है। इसे इसी साल फरवरी माह में देश की संसद ने पारित किया था।

वहीं राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में नई नीति जारी की है। अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी ने बताया है कि नई नीति के तहत प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने से रोकने और धांधली को खत्म करने के लिये पुख्ता व्यवस्था की गई है। इस सिलसिले राज्य के सभी आयोगों और बोर्डों को जरूरी दिशा निर्देश भेज दिये गये हैं।

———————

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इक़बाल सिंह लालपुरा ने आज अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और अल्पसंख्यक समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री लालपुरा ने कहा कि देश में अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिये सरकार ने अनेक योजनाएं बना रखी है, लेकिन अल्पसंख्यकों को इन कल्याणकारी और विकासोन्मुखी योजनाओं की बहुत कम जानकारी है, जिसकी वजह से वे योजनाओं का फायदा नहीं ले पा रहे हैं। श्री लालपुरा ने कहा कि आयोग

धर्मगुरूओं, शिक्षाविदों और समाजसेवियों के साथ मीटिंग कर उन्हें समय–समय पर न सिर्फ स्कीमों की जानकारी देता, बल्कि उनसे यह अपेक्षा भी करता है कि वे संबंधित जानकारी अल्पसंख्यक वर्ग तक पहुंचाये।

———————

भारतीय नागरिक संहिता 2023 के तहत गवाह संरक्षण योजना बनाई गई है। बीएनएसएस के तहत राज्य सरकारों को गवाह संरक्षण योजना तैयार करने और अधिसूचित करने का अधिकार भी दिया गया है। इसका उद्देश्य आपराधिक आचरण के खिलाफ समाज की रक्षा करना, कानून तोड़ने वालों को रोकना और देश के कानूनों का उल्लंघन करने या कोशिश करने वालों के अलावा गवाहों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और उन्हें नुकसान से बचाना है। गवाह 'न्याय की आंख और कान' के रूप में अदालत को सच और इंसाफ की दिशा में मार्गदर्शन करने में महती भूमिका निभाते हैं। इसलिये गवाहों को संरक्षण देना आवश्यक है। नया आपराधिक कानून साफ तौर से इस बात पर बल देता है कि गवाह संरक्षण सिर्फ एक कानूनी प्रावधान नहीं है, बल्कि यह न्याय के लिये प्रतिबद्धता है।

———————

राज्य में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल में कल देर रात सोलह आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये गये। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एस.बी. शिरोडकर की जगह अमरेन्द्र कुमार सेंगर लखनऊ के नये पुलिस आयुक्त बनाये गये हैं, जबकि एस.बी. शिरोडकर को लखनऊ परिक्षेत्र का अपर पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं तरूण गाबा प्रयागराज के पुलिस आयुक्त बनाये गये हैं।

———————

फिरोजाबाद में अभिरक्षा में बंदी की मौत के मामले में मजिस्टेंटियल जांच कराई जाएगी। पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि बंदी की मौत के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। इस बीच 28 वर्षीय बंदी आकाश के शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिजनों को पांच लाख का चेक प्रशासन द्वारा दिया गया। उधर, बसपा सुप्रीमों मायावती ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये दलित युवक आकाश की अभिरक्षा में हुई मौत के मामले के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

__________

26 जून नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवाओं को नशे की लत से बचाने और जागरूक करने के साथ ही नशा मुक्ति केंद्रों में इलाज भी मुहैया कराया जा रहा है। लखनऊ के केजीएमयू में मानसिक रोग विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर अमित सिंह ने इस बारे बताया........

*एक बहुत बड़ा वर्ग है जो नशीली दवाइयों से प्रभावित है। लोग कई बार होता ये है कि अपनी परेशानियों के लिए कुछ नशीली दवाइयाँ लेते हैं, किसी के सुझाव पर या अपनी समझ से। वो जब शुरुआत करते हैं तो उनको उससे कई बार रिलीफ भी मिलता है, लेकिन उस समय में उनको इतनी जानकारी नहीं होती है कि इस दवा से लंबे समय में वह आधी हो जाएंगे। अगर आपको किसी भी तरीके की समस्या है तो उसके लिए खुद से दवाइयों का सेवन करने से कहीं बेहतर है कि आप डाक्टरों की मदद लें क्योंकि जब डॉक्टर अपनी जानकारी के हिसाब से आपको दवाई देते हैं तो वो इसका ध्यान रखते हैं कि आपको इसकी लत न लगे और इसके दुष्प्रभाव न हो आपको।*

__________

जाने माले वैदिक विद्वान और ज्योतिष शास्त्री पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित का अंतिम संस्कार आज काशी के मणिकर्णिका घाट पर कर दिया गया। श्री दीक्षित का आज सुबह वाराणसी स्थित उनके आवास पर निधन हुआ था। श्री दीक्षित जीवनभर वैदिक और ज्योतिष शास्त्र के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने इसी साल जनवरी में अयोध्या में मुख्य पुरोहित के रूप में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री दीक्षित के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पंडित लक्ष्मीकांत के निधन को समाज के लिये बड़ी क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि श्री दीक्षित काशी की विद्वत परम्परा के यश पुरूष थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आचार्य लक्ष्मीकांत भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा की सेवा के लिये हमेशा याद रखे जायेंगे। विश्व हिन्दू परिषद के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा है कि उन्होंने वैदिक परम्पराओं को हमेशा जीवन्त रखा।

__________

राज्य भर में हीटवेव का सिलसिला जारी है। हालांकि आज कन्नौज, हापुड़, मुरादाबाद, अयोध्या और बदायूं सहित कई जिलों में बारिश होने से लोगों को राहत मिली है। वहीं प्रदेश के वाराणसी, कानपुर, बरेली, आगरा समेत कई जिलों में अब भी लू की वजह से तापमान सामान्य से ज्यादा बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिये मैनपुरी, इटावा और औरैया सहित आसपास के जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है और 24–25 जून को समूचे प्रदेश में आंधी बारिश का अनुमान जताया है।

राज्य के राहत आयुक्त ने बताया है कि प्रदेश के नौ जिलों में हीटवेव से 51 लोगों की जान जा चुकी हैं।

(समाप्त)